## सराफा व्यापारी से बदमाशों ने की छः लाख रुपये की लूट

### बदमाशों को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस कप्तान ने चार टीमों का किया गठन

कौशाम्बी। कोखराज थाना क्षेत्र के सिहोरी टोल प्लाजा के समीप गुरुवार शाम बेखौफ बदमाशों ने बाइक सवार आभूषण कारोबारी को तमंचे के बल पर लूट लिया। बदमाशों ने ओवरटेकिंग के दौरान हेलमेट से हमला कर उसका सिर फोड़ दिया। साथ ही हवाई फायरिंग भी की। नकदी-गहने समेत करीब छः लाख रुपये की लूट की गयी। मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा कायम किया गया है। एसपी ने सनसनीखेज वारदात का अनावरण करने के लिए तीन टीमों का गठन किया है।

मूतरगंज निवासी सुरेश चंद्र सोनी पुत्र काशी प्रसाद सोनी ने प्रतापगढ़ के हथगवां थाना क्षेत्र के अक्षयबरपुर कुंडा में आभूषण की दुकान खोल रखी है। गुरुवार शाम करीब ५:३० बजे दुकान बंद करने के बाद वह स्प्लेंडर बाइक से घर लौट रहे थे। सिहोरी टोल प्लाजा से करीब एक किलोमीटर आगे पहुंचते ही पीछे से लाल रंग की अपाचे बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें ओवरटेक करने का प्रयास किया। बाइक नहीं रोकने पर हेलमेट से हमला कर सिर फोड़ दिया। इसके बाद हवाई फायरिंग करते हुए गोली मार देने की धमकी दी। कारोबारी के रुकने पर बदमाश उससे २० हजार रुपये नकद, एक किलो चांदी व २० ग्राम सोने का आभूषण लूटकर फरार हो गए। किसी तरह घर पहुंचे सर्राफ ने घटना की जानकारी परिजनों और परिचितों को दी। पुलिस कप्तान सत्यनारायण प्रजापत ने देर रात फोर्स के साथ मौका-ए-वारदात का मुआयना किया। पुलिस टीमों ने घेराबंदी करके बदमाशों को पकड़ने का भी प्रयास किया, लेकिन कामयाबी नहीं मिली। सराफा व्यापारी की तहरीर पर ही मुकदमा कायम किया गया है।

## पूरी रात तलाशते रहे परिजन सुबह खेत में मिला बेटे का शव

कौशाम्बी। सराय अकिल थाने के नेवादा गांव से गुरुवार शाम लापता हुए युवक का शव शुक्रवार सुबह गांव के बाहर मिर्च के खेत में मिला। शव खेत में लगे ३३ केवीए विद्युत पोल के पास पड़ा था। उसका एक हाथ झुलसा हुआ था। इससे पुलिस ने करण्ट की चपेट में आने के बाद गिरने से मौत की आशंका जताई है। हालांकि, शरीर पर बाहरी चोट के कोई निशान नहीं मिले हैं। परिजनों ने भी किसी पर आरोप नहीं लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नेवादा निवासी नन्हुक सिंह खेती-किसानी करते हैं। उनका इकलौता बेटा नीरज (२३) करीब तीन साल से मानसिक रूप से अस्वस्थ था। पिछले एक सप्ताह से उसकी तबीयत अधिक खराब चल रही थी। परिजन तंत्र-मंत्र के साथ प्रयागराज के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज करा रहे थे। नन्हुक सिंह के अनुसार गुरुवार को वह बेटे को कार से इलाज के लिए प्रयागराज ले गए थे। शाम करीब सात बजे सभी घर लौटे। कुछ देर बाद नीरज बिना बताए घर से निकल गया। काफी देर तक वापस नहीं आने पर परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। शुक्रवार सुबह गांव के बाहर मिर्च के खेत की ओर गए किसानों ने नीरज का शव पड़ा देखा। सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। रोते-बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। नेवादा निवासी नीरज तीन बहनों के बीच इकलौता भाई था। उसकी तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। भाई की मौत की खबर मिलते ही बहनें भी रोते-बिलखते मायके पहुंचीं। घर में कोहराम मचा रहा। परिजनों और ग्रामीणों का कहना है कि नीरज की हालत पिछले कुछ समय से खराब थी।

## एमवी आईटी की अनुष्का सिंह ने रचा इतिहास लगातार दूसरी बार संस्थान के नाम हुआ खिताब

चायल,कौशाम्बी। मधु वाचस्पति इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी की प्रतिभाशाली छात्रा अनुष्का सिंह ने अपनी उत्कृष्ट कला और शानदार प्रदर्शन के बल पर प्रतिष्ठित रेड एफएम कॉलेज के टशनबाज़ प्रतियोगिता में विजेता का खिताब अपने नाम कर इतिहास रच दिया है।अनुष्का की इस स्वर्णिम सफलता से न केवल महाविद्यालय परिसर में जश्न का माहौल है, बल्कि पूरे जिले में संस्थान का गौरव बढ़ा है।

एमवी आईईटी के लिए यह सफलता इसलिए भी बेहद खास है। क्योंकि संस्थान के विद्यार्थियों ने लगातार दूसरी बार रेड एफएम कॉलेज के टशनबाज़ की ट्रॉफी पर अपना कब्ज़ा बरकरार रखा है। अनुष्का सिंह की इस धमाकेदार जीत ने यह साबित कर दिया है कि संस्थान के छात्र केवल अकादमिक क्षेत्र में ही नहीं बल्कि सांस्कृतिक और बहुआयामी मंचों पर भी अपनी अमिट छाप छोड़ रहे हैं। छात्रा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर संस्थान के चेयरमैन एवं बारा विधायक डा० वाचस्पति ने अनुष्का सिंह को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा हमारे विद्यार्थियों की सफलताएं ही संस्थान की असली पूंजी और गर्व का विषय है। अनुष्का की यह जीत अन्य छात्रों को भी अपनी अंतर्निहित प्रतिभा को पहचानकर बड़े मंचों पर निखारने के लिए प्रेरित करेगी।इस अवसर पर एमवी आईईटी के निदेशक डा० एसपी गौतम एवं डीन डा० अजय सिंह ने भी विजेता छात्रा को सम्मानित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सही मार्गदर्शन और बेहतर मंच प्रदान करना संस्थान की सदैव प्राथमिकता रही है। उन्होंने अनुष्का की कड़ी मेहनत और लगन की सराहना की। प्रतियोगिता और बधाई समारोह के दौरान कुलदीप पटेल, पूर्णिमा प्रजापति,कमलेश द्विवेदी,दुर्गेश विश्वकर्मा,मदीहा लईक,एजाज़ अहमद डा० गरिमा,और राहुल गुप्ता सहित संस्थान के समस्त शिक्षकों व कर्मचारियों ने अनुष्का को शुभकामनाएं दीं।

## महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर अर्पित किये श्रद्धासुमन



महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण करते डीएम।

कौशाम्बी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। उदयन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी डा० अमित पाल ने महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ महात्मा गांधी जी के प्रिय भजनों रघुपति राघव राजा राम' एवं वैष्णव जन तो तेने कहिए का सामूहिक गायन किया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी जी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के जीवन, उनके आदर्शों तथा राष्ट्र निर्माण में दिए गए योगदान को स्मरण किया गया। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने दोनों महान विभूतियों के विचारों एवं आदर्शों को आत्मसात करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर अपर जिला अधिकारीगण शालिनी प्रभाकर एवं ओम प्रकाश सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

### दीवार ढहाने और धमकाने के मामले में केस दर्ज

करारी थाना क्षेत्र के पथरा कला गांव की नथिया देवी ने बताया कि वह अपने पिता स्व. बाबादीन लोधी की इकलौती संतान है। पिता की मौत हो चुकी है। उनका मकान ६५ हजार रुपये में बेच दिया था। समय-समय पर आकर खेती का काम देखने के बाद ससुराल चली जाती है। पीडिता के मुताबिक, परिवार के ही सगे भाई बबलू, घनश्याम व छक्का निवासी रसूलपुर उखैया (भिखियापुर) ने २९ सितंबर को कब्जे की नीयत से मकान की दीवार ढहा दी। इसका विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

## बोलेरो मालिक ने रची बीमा की रकम हड़पने की साजिश, केसदर्ज

कौशाम्बी। यूनिवर्सल सोम्पो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड लखनऊ के सहायक प्रबंधक (फ्राड इन्वेस्टिगेशन यूनिट) प्रव्हान पांडेय ने बताया कि कड़ाधाम क्षेत्र के बारा हवेली आईमा निवासी अशरफ ने अपनी बोलेरो का पिछले साल बीमा कराय था। यह पॉलिसी १९ फरवरी २०२५ से लागू हुई। अशरफ ने २३ मार्च २०२५ को कंपनी में क्लेम दाखिल किया। दावा किया कि उनका चालक मो. अफसर वाहन लेकर कथित रूप से खुशाल का पुरवा तिराहा सैनी जा रहा था। रास्ते में नीलगाय का झुंड सड़क पार कर गया। इससे अनियंत्रित हुई बोलेरो सड़क किनारे स्थित पुलिया से टकराकर नहर में गिर गई। घटना में वाहन क्षतिग्रस्त हो गया व चालक को मामूली चोट आई थी।

सैनी थाने में २४ मार्च २०२५ इत्तेफाकिया में मुकदमा कायम कराया गया। कंपनी की तरफ से वाहन का सर्वे कराया गया तो कई विसंगतियां एवं तथ्य प्रकाश में आए। जिनसे पता चला कि दुर्घटना की वास्तविक तिथि, समय, स्थान एवं कारण के संबंध में गलत एवं भ्रामक जानकारी दी गई थी। गाड़ी में जो डैमेज था, उसमें जंग लगा था। सहायक प्रबंधक ने बताया कि क्लेम में बताया गया कि २३ मार्च २०२५ को दोपहर करीब एक बजे चालक हादसा हुआ।

जबकि गांव के ही इन्बें ने १९ फरवरी को ट्रैक्टर से टक्कर की बात कही। वास्तविक चालक बताए गए कादिर ने एक मार्च २०२६ को दिए लिखित बयान में १६ फरवरी की दुर्घटना की पुष्टि की। उसके मुताबिक अलीपुर पुलिस चौकी के पास बोलेरो की ट्रैक्टर से टक्कर हुई थी। ट्रैक्टर मालिक जीतलाल परशुराम ने भी इसी तारीख को हादसा होने की पुष्टि की। मामले में मुकदमा कायम कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### बकरी चोर गिरफ्तार

कौशाम्बी। करारी थाना क्षेत्र के जमदुआ निवासी झिंगई लोधी ने बताया कि गांव में ही उसका नलकूप है। गुरुवार की दोपहर इसी के पास तीन बकरी बंधी हुई थी। आरोप है कि इलाके के भिखियापुर निवासी विकास सरोज व सुनील कुमार एक बकरी को खोलकर ले जाने लगे। जानकारी होने पर ग्रामीणों ने दोनों को दौड़ा लिया। इस पर वह बकरी को छोड़कर भाग गये। बाद में पुलिस ने उनको गिरफ्तार कर लिया।

## दिव्यांगजनों को ५५ ट्राई साइकिल, १० व्हील चेयर २० बैसाखी एवं दो स्मार्ट केन किये वितरित

कौशाम्बी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकास भवन स्थित सरस हॉल में दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग/सहायक उपकरण वितरण एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष, जिला पंचायत कल्पना सोनकर, सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा एवं निवर्तमान विधायक लाल बहादुर ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनप्रतिनिधियों ने कहा कि दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना तथा उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाने से दिव्यांगजनों की दैनिक गतिविधियां सुगम होने के साथ-साथ उनकी गतिशीलता एवं आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि पात्र लाभार्थियों तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है। इस अवसर पर अध्यक्ष, जिला पंचायत कल्पना सोनकर, सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा एवं निवर्तमान विधायक लाल बहादुर द्वारा ५५ दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, १० दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, २० दिव्यांगजनों को बैसाखी तथा ०२ दिव्यांगजनों को स्मार्ट केन प्रदान किए गए। सहायक उपकरण प्राप्त कर दिव्यांगजनों के चेहरे पर प्रसन्नता दिखाई दी। लाभार्थियों ने सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित शादी अनुदान योजना के ०३ लाभार्थिन्यों-रामदीन, रामसूरत एवं विजय पाल सिंह को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। इसी क्रम में 'ओ लेवल' निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत चयनित १२ लाभार्थियों-सिद्धार्थ यादव, अतुल कुमार, संदीप कुमार, शालू प्रजापति, संजना, सचित यादव, श्रेजल सोनी, शिवानी नामदेव, छाया देवी, गौरव पाल, आदित्य कुमार एवं अमित कुमार को स्वीकृत प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए।

निःशुल्क कंप्यूटर प्रशिक्षण के माध्यम से युवाओं को तकनीकी ज्ञान एवं रोजगार के लिए आवश्यक कौशल उपलब्ध कराने की दिशा में यह योजना महत्वपूर्ण है। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पात्र लाभार्थिन्यों से अपील की कि वे सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर पात्रतानुसार उनका लाभ उठाएं तथा अन्य पात्र लोगों को भी योजनाओं के प्रति जागरूक करें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद राम त्रिपाठी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी विकास वर्मा एवं जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मुदित श्रीवास्तव सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## ग्राम सभा में योजना के संबंध में ग्रामीणों को दी गयी विस्तृत जानकारी



जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद महिलाएं ।

कौशाम्बी। भारत सरकार के निर्देशों के क्रम में के साथ एकीकृत करते हुए आयोजित ग्राम सभाओं में विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं योजना के विभिन्न प्रावधानों पर चर्चा किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। के अंतर्गत ग्रामीण परिवारों को रोजगार एवं आजीविका सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी जोर दिया गया है। इसी क्रम में शासन स्तर से जनपदों हेतु नोडल अधिकारी नामित किया गया है। जनपद कौशाम्बी के लिए प्रयागराज मंडल के संयुक्त विकास आयुक्त मत्स्यनाथ त्रिवेदी जी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। नोडल अधिकारी मत्स्यनाथ त्रिवेदी द्वारा विकासखंड मंझनपुर की ग्राम पंचायत हिसामपुर में आयोजित ग्राम सभा में प्रतिभाग किया गया। ग्राम सभा के दौरान उनके द्वारा योजना के विभिन्न प्रावधानों, उद्देश्यों एवं ग्रामीणों के लिए उपलब्ध रोजगार एवं आजीविका संबंधी अवसरों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई तथा उपस्थित ग्रामीणों को योजना के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त श्रम रोजगार डॉ. बिनय मिश्र, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आशीष मिश्र,पंचायत कमला कांत मिश्र, ग्राम प्रधान, ग्राम रोजगार सेवक, पंचायत सहायक सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। उपायुक्त श्रम रोजगार डॉ. बिनय मिश्र मौजूद रहे।

## चेयरमैन ने महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री को किया नमन

करारी,कौशाम्बी। करारी नगर पंचायत कार्यालय में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती के अवसर पुष्पांजली अर्पित की गई। कार्यक्रम में लोगों ने दोनों महान विभूतियों को नमन कर उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया।कार्यक्रम के दौरान चेयरमैन शमशाद अहमद बख्श ने कहा कि आज महात्मा गांधी के जन्म-दिवस को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अहिंसा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है। महात्मा गांधी या मोहनदास कर्मचंद गांधी ने एक अहिंसक प्रतिरोध अपनाया और अत्यधिक धैर्य के साथ ब्रिटिश शासन के खिलाफ भारत के स्वतंत्रता संग्राम में सबसे आगे रहे तथा देश को आजादी दिलाई। दो अक्टूबर के ही के दिन पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का जन्म हुआ था। शास्त्री के 'जय जवान जय किसान' के नारे ने राष्ट्र को संकट की घड़ी में स्वाभिमान और एकजुटता के साथ मजबूती से खड़े होने का रास्ता दिखाया था। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री देश के महान विभूति हैं। ऐसे महान विभूतियों को पुष्पांजलि अर्पित करना सौभाग्य की बात है। उन्होंने आह्वान किया कि हम सभी को इनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। देश की एकता और अखंडता के प्रति सजग और जिम्मेदार रहना चाहिए। इस मौके पर सभासद मो० अजमल, सभासद प्रतिनिधि एडवोकेट रामराज चौधरी, अतर सिंह यादव, रोहित गुप्ता, सैफ रिजवी, जीशान सिद्दीकी, मोबीन खान, अमित मिश्र आदि रहे।

### ५० हजार का इनामी अवसाब गिरफ्तार

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली पुलिस और सीआईडब्लू टीम ने चोरी, गोकशी तथा गैंगस्टर एक्ट में वांछित ५० हजार रुपये के इनामी बदमाश अवसाब को हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है। वह करीब सात माह से फरार चल रहा था। लिखापढ़ी के बाद उसका चालान कर दिया गया है। मंझनपुर के एदिलपुर निवासी बुदुनलाला ने २४ फरवरी को स्थानीय कोतवाली में तहरीर दी थी। इसमें बताया था कि २२ फरवरी की रात उनकी गाय चोरी हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। विवेचना में मोनू, अवसाब और अदीब के नाम सामने आए।

### सूचना

विजय कुमार पाण्डेय का Educational Certificate (Migration Certificate ) जो इलाहाबाद विश्व विद्यालय, इलाहाबाद से शैक्षणिक सत्र 2001-2004 के दौरान जारी हुआ था, जिसका अनुक्रमांक 137727 है कहीं गुम हो गया है। काफी खोजबीन के बाद भी प्रमाण पत्र नहीं मिल सका। यदि किसी व्यक्ति को उक्त Educational Certificate (Migration Certificate ) के संबंध में कोई जानकारी प्राप्त हो अथवा वह किसी को मिले तो कृपया संबंधित व्यक्ति को सूचित करने का कष्ट करें। नाम-विजय कुमार पाण्डेय प्रमाणपत्र Migration Certificate विश्वविद्यालय, इलाहाबाद शैक्षणिक सत्र BA 2001-2004

## कार्यालय नगर पंचायत सरायं अकिल जनपद-कौशाम्बी

पत्रांक संख्याः-2102 न0पं0स0अ0/कौशा0 2026-27 दिनांक.:-01.10.2026

### ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सराय अकिल कौशाम्बी द्वारा वित्तिय वर्ष 2026-27 में राज्य सेक्टर के पेयजल हेतु व्यवस्था योजना अनुदान से प्रांप्त धनराशि के क्रम में कार्य कराया जाना हैं। उक्त कार्य में अनुभवी फर्म/ठेकेदारों से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 03-10-2026 से दिनांक 24-10-2026 को शायं 5 बजे तक डबल बिड आधारित (तकनीकी एवं वित्तीय बिड आधारित) ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेब साइड www.etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण-निविदा प्रपत्र, निविदा शुल्क एवं नियम-शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेब साइड www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेब साइड के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 25.10.2026 को अपरान्ह 12 बजे नगर पंचायत सरांय अकिल में अधिशाषी अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगी। यदि निविदा खोलनें की तिथि को अवकाश होता है तों निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी, उपरोक्त कार्य की अधिक जानकारी हेतु उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेब साइड www.etender.up.nic.in पर अथवा कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत सरांय अकिल में सम्पर्क कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सरांय अकिल
जनपद-कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पंचायत सरांय अकिल
जनपद-कौशाम्बी

## कार्यालय नगर पंचायत सरायं अकिल जनपद-कौशाम्बी

पत्रांक संख्याः-2103 /न0पं0स0अ0/कौशा0 2026-27 दिनांक.:-01.10.2026

### ई-निविदा सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सराय अकिल कौशाम्बी द्वारा वित्तिय वर्ष 2026-27 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान-37 से प्रांप्त धनराशि के क्रम में कार्य कराया जाना हैं। उक्त कार्य में अनुभवी फर्म/ठेकेदारों से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 03-10-2026 से दिनांक 23-10-2026 को शायं 5 बजे तक डबल बिड आधारित (तकनीकी एवं वित्तीय बिड आधारित) ई-निविदा उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेब साइड www.etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण-निविदा प्रपत्र, निविदा शुल्क एवं नियम-शर्ते आदि उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेब साइड www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध रहेगा। ई-निविदा की समस्त कार्यवाही उक्त वेब साइड के माध्यम से ही पूर्ण की जायेगी। प्राप्त निविदायें दिनांक 24.10.2026 को अपरान्ह 12 बजे नगर पंचायत सरांय अकिल में अधिशाषी अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित निविदा दाताओं की उपस्थिति में खोली जायेंगी। यदि निविदा खोलनें की तिथि को अवकाश होता है तों निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी, उपरोक्त कार्य की अधिक जानकारी हेतु उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेब साइड www.etender.up.nic.in पर अथवा कार्यालय दिवस में कार्यालय नगर पंचायत सरांय अकिल में सम्पर्क कर सकते है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत सरांय अकिल
जनपद-कौशाम्बी

अध्यक्ष
नगर पंचायत सरांय अकिल
जनपद-कौशाम्बी

## कार्यालय नगर पंचायत सराय अकिल-कौशाम्बी

पत्रांक : 2104/न0पं0स0अ0/2026-27 दिनांकः-01 अक्टुबर 2026

### अल्पकालिक निविदा सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत सराय अकिल कौशाम्बी द्वारा वित्तिय वर्ष 2026-27 में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान-37 से प्रांप्त धनराशि के क्रम में कार्य कराया जाना हैं। उक्त कार्य में अनुभवी फर्म/ठेकेदारों से प्रतिशत आधार दरों पर दिनांक 03-10-2026 से दिनांक 24-10-2026 अपरान्ह 12.00 बजे तक सील बन्द निविदा आमंत्रित की जाती है। सील बन्द निविदायें दिनांक 25-10-2026 को अपरान्ह 2:00 बजे को कार्यालय नगर पंचायत सराय अकिल में अधिशाषी अधिकारी के कार्यालय में उपस्थित निविदा दाताओं की उपस्थिति मे खोली जायेगी यदि निविदा खोलने की तिथि को अवकाश होता है तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी। कार्य की विस्तृत जानकारी के सम्बन्ध में कार्यालय दिवस सम्बन्धित पटल सहायक से सम्पर्क कर विशेष जानकारी की जा सकती है। कार्य का विवरण निम्नवत् है।

| क्र.सं. | निर्माण कार्य का विवरण | आगणन धनराशि लाख रुपये में जी.एस.टी. रहित | आगणन धनराशि जी.एस.टी. सहित | धरोहर धनराशि 10 प्रतिशत | निविदा शुल्क जी.एस.टी. सहित | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | वार्ड न0 07 गांधी नगर में पंकज सोनी के घर से राजू सोनी के घर तक इण्टरलाकिग रोड व आर0सी0सी0 नाली का निर्माण कार्य। | 784419.00 | 929154.00 | 78441.00 | 930.00 | 2 माह |
| 02 | वार्ड न0 04 सुरेमन के घर से मेन रोड तक सी0सी0 रोड व नाली का निर्माण का कार्य। | 827181.00 | 976074.00 | 82718.00 | 1000.00 | 2 माह |

**नियम एवं शर्तेः-**

1. निविदा/टेण्डर के साथ उपरोक्त अंकित धरोहर धनराशि के रूप में आर0टी0जी0एस0/ एफ0डी0आर0/ नगद जमा के माध्यम से नगर निधि नगर पंचायत सरांय अकिल के खाता संख्या **45568248726** भारतीय स्टेट बैंक आफ इण्डिया, सरांय अकिल, **IFSC CODE-SBIN0012494** की प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सरांय अकिल के नाम बन्धक एफ0डी0आर0 ही मान्य होगी अन्य किसी भी प्रकार के लगाये गये एफ0डी0आर0 पर विचार नही किया जायेगा।
1. बिना धरोहर धनराशि के निविदा/टेण्डर पर विचार नही किया जायेगा।
2. निविदादाता के फर्म का जी0एस0टी0 रजिस्टर्ड होने का प्रमाण पत्र की फोटो की प्रति निविदा/टेण्डर के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता को बिना कारण बताये निविदा/टेण्डर को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
4. निदेशक, स्थानीय निकाय निदेशालय सेक्टर-7 गोमती नगर विस्तार, उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा निर्गत शासनादेश सं0-टी0सी0/314/8/डी0एल0बी0/2020 दिनांक 01.01.2021 में उल्लिखित सभी शर्तो एवं नियमो का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।
5. निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुरूप होना अनिवार्य होगा, तथा निर्माण कार्य का टी0डी0एस0 निकाय द्वारा नियमानुसार भुगतानित धनराशि से काटकर जमा किया जाएगा।
6. टेण्डर का 110.00 रूपये का स्टाम्प पेपर पर ठेकेदार को अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा।
7. कार्य स्थल पर कार्य/परियोजना को कराये जाने से पूर्व सम्बन्धित ठेकेदार के द्वारा श्रम विभाग में पंजीयन कराना होगा व श्रम मानको का पालन करने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की होगी। श्रमिक सम्बन्धी किसी भी दुर्घटना की जिम्मेदारी सम्बन्धित फर्म की होगी तथा कार्य स्थल पर कार्य कराये जाने के पूर्व व मध्य निर्माण कार्य/परियोजना पूर्ण हो जाने पर कार्यो की फोटोग्राफी करानी होगी तथा उक्त फोटोग्राफी कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगी।
8. कार्य का निरीक्षण करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/उपजिलाधिकारी अधिकारी/अपर जिलाधिकारी/ जिलाधिकारी/लोक निर्माण विभाग के सक्षम एवं अन्य नामित प्राधिकारी को होगा। किसी भी बिल का भुगतान तब तक नही होगा जब तक लोक निर्माण विभाग के सक्षम प्राधिकारी द्वारा बिलो का सत्यापन न कर दिया जाये।
9. समस्त विवादो का न्यायिक क्षेत्र कौशाम्बी होगा।
10. ठेकेदार/फर्म के द्वारा कराये जा रहे निर्माण कार्य/लायी गयी सामग्री के दौरान किसी भी प्रकार की क्षति/मानवीय दुर्घटना की जिम्मेदारी ठेकेदार/फर्म की होगी।
11. ठेकेदार/कम्पनी अधिकृत विक्रेता भारत में किसी भी कारणवश ब्लैक लिस्टिड न होने, अभियोग आदि की समस्त सूचनाओं का शपथपत्र देना अनिवार्य होगा।
12. कम्पनी/अधिकृत विक्रेता का कोई भी कागज **FRAUD** पाया गया तो कम्पनी/अधिकृत विक्रेता की **EMD** जब्त कर ली जायेगी और कम्पनी को ब्लैक लिस्टेड कर दिया जायेगा।
13. कार्य प्रारम्भ होने से पूर्व डिस्प्ले बोर्ड जिसमें योजना का विवरण कार्य दायी संस्था कार्य पूर्ण होने की सम्भावित तिथि आदि को सम्बन्धित फर्म को लगाना होगा।
14. आवश्यकता होने पर पर्यावरणीय क्लिरेन्स सम्बन्धित आपत्तियॉ फर्म को प्राप्त करना होगा।
15. शासनादेश सं0-11593/नौ-5-2021-142सा/2021 दिनांक 07 जनवरी 2022 के निर्देशो के अनुसार सिक्योरिटी परफार्मेस गारण्टी ली जाएगी।
16. निविदादाता को हैसियत प्रमाण पत्र व चरित्र प्रमाण पत्र एवं अनुभव प्रमाण पत्र (जिसमें कार्यादेश संख्या एवं अन्य विशिष्टियाँ अंकित हों) की स्वप्रमाणित प्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा। हैसियत प्रमाण पत्र का सत्यापन भाासनादे ा सं0-तक0सेल/07 /निदे0/2019 दिनांक 28 जून, 2019 के अनुसार किया जायेगा।
17. निविदा से सम्बन्धित उक्त समस्त निर्णय लेने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
18. अपर मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन नगर विकास अनुभाग-9 लखनऊ के पत्र संख्या-1319/नौ-9-21-45(ज)/21 दिनांक 30.06.2021 द्वारा नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में निर्माण/विकास कार्यो के क्रियान्वयन हेतु मानक संचालन प्रक्रिया **(Standard Operating Peocedure SOP)** में निर्दिष्ट शर्तो, प्रतिबन्धों एवं दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पंचायत सरांय अकिल
जनपद-कौशाम्बी

**अध्यक्ष**
नगर पंचायत सरांय अकिल
जनपद-कौशाम्बी